## कोविड -19 में एम एफ आई

# शाखा प्रबंधक और फील्ड अधिकारियों का प्रशिक्षण




**कोरोना:** एक वायरस, जो COVID-19 बीमारी का कारण बनता है


MetLife Foundation

MSC
MicroSave Consulting


# खंड 1 - ब्रांच और फील्ड में कर्मचारी आत्म-सुरक्षा के उपाय

**सारांश** - यह खंड एमएफआई शाखा प्रबंधक और फील्ड अधिकारियों के बीच चर्चा का वर्णन करता है। इस खंड में उन सभी सुरक्षा उपायों पर चर्चा की गयी है जो स्टाफ सदस्यों को अपने फील्ड और शाखा में कोविड -19 महामारी के खिलाफ सुरक्षा के लिए अपनाना चाहिए।

## स्थान- शाखा कार्यालय



## पात्र



# कोविड - 19 के बारे में जागरूकता




नोट: स्टाफ सदस्यों को मास्क पहनना चाहिए और एक दूसरे से कम से कम 2 मीटर की न्यूनतम दूरी बनाए रखनी चाहिए।


कोरोना वायरस कैसे फैलता है?
• कोरोना वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है।
• यह वायरस बीमार लोगों के संपर्क में आने से फैलता है।
• छींक, खांसी, लार, थूक और नाक के स्राव के माध्यम से यह वायरस फैलता है।

# कोविड - 19 के बारे में जागरूकता







दिनेश सर, क्या कोई विशिष्ट दवाएं हैं जो कोरोना वायरस का इलाज कर सकती हैं?
फ़ातिमा, अगर हमें संदेह है कि हम संक्रमित हैं, तो हमें तुरंत क्वारंटाइन करना चाहिए। हमें स्वयं उपचार नहीं करना चाहिए। कोविड -19 से प्रभावित लोगों को लक्षणों से राहत और उपचार के लिए उचित देखभाल मिलनी चाहिए, और गंभीर बीमारी वाले लोगों को उचित उपचार के लिए चिकित्सा केंद्रों में तुरंत संपर्क करना चाहिए।
इसके लिए हमें तुरंत सरकार द्वारा बनाये गए कोविड-19 डेडिकेटेड हेल्थ सेंटर/ अस्पताल में जाना चाहिए।

# कर्मचारी स्वयं सुरक्षा उपाय






# कर्मचारी स्वयं सुरक्षा उपाय









1 अपने परिवार के सदस्यों को सुरक्षित रखने के लिए, कृपया एक अलग कमरे में रहें और हर समय मास्क पहनें।



2 जब तक बिल्कुल आवश्यक न हो, बाहर न जाएं।



3 स्वस्थ व्यक्तियों से 2 मीटर (6 फीट) की दूरी बनाए रखें।



4 अपने हाथों को साबुन या हैंड सेनिटाइजर से बार-बार धोएं।

# ब्रांच में कर्मचारी आत्म-सुरक्षा के उपाय



# ब्रांच में कर्मचारी आत्म-सुरक्षा के उपाय

## ब्रांच और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए कदम

**हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता होगी कि सैनिटाइज़र, साबुन, और डिसइंफेक्टेंट/फिनाइल पर्याप्त मात्रा में मौजूद हो**

i) सभी कर्मचारियों और ग्राहकों को प्रतिष्ठान में प्रवेश करने और बाहर निकलने से पहले अपने हाथों को धोना / साफ करना चाहिए

ii) 2 घंटे के अंतराल में कार्यालय क्षेत्रों को सैनिटाइज़ या साफ करें। अपने डेस्कटॉप, टेलीफोन, दरवाज़े के हैंडल, सीढ़ियों और खाने के क्षेत्रों को साफ़ करें

iii) मीटिंग या आम क्षेत्रों में प्रवेश करते समय हैंड सैनिटाइज़र का उपयोग करें

**श्वसन शिष्टाचार स्थापित करें**

i) हर समय मास्क का प्रयोग करें

ii) खांसते और छीकते समय मुँह को ढकें

iii) खांसने और छींकने के बाद सेनिटाइज़र से हाथ साफ़ करें या अपने हाथों को साबुन से धोएं





## ब्रांच और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए कदम

**सामाजिक स्पर्श शिष्टाचार से बचें**

i) गले लगाने या हाथ मिलाने से बचें

**सुरक्षित दूरी बनायें रखें**

i) सभी कर्मचारियों और ग्राहकों से 6 फीट / 2 मीटर की दूरी बनाए रखें

ii) यदि संभव हो तो काउंटर विंडो सुविधा का उपयोग करके लेनदेन का संचालन करें

iii) अंदर 5 से अधिक ग्राहकों को अनुमति न देकर ब्रांच में भीड़ को सीमित करें

iv) बुज़ुर्ग, गर्भवती और छोटे बच्चों के साथ आने वाले लोगो को विशेष समय पर ब्रांच में बुलाएँ

v) ग्राहकों को सुरक्षा नियमो का पालन करने हेतु साइन बोर्ड लगाए

# फील्ड में कर्मचारी आत्म-सुरक्षा के उपाय



# फील्ड में कर्मचारी आत्म-सुरक्षा के उपाय









# फील्ड में कर्मचारी आत्म-सुरक्षा के उपाय



# फील्ड में कर्मचारी आत्म-सुरक्षा के उपाय



# फील्ड में कर्मचारी आत्म-सुरक्षा के उपाय



# फील्ड में कर्मचारी आत्म-सुरक्षा के उपाय






# माइक्रोफाइनेंस इंस्टीट्यूशन नेटवर्क (MFIN) India ने कोविड -19, के संदर्भ में माइक्रो-क्रेडिट क्षेत्र के संचालन पर दिशा-निर्देश दिए, दिनांक: 19 अप्रैल, 2020

1. सुनिश्चित करें कि शाखा में चार से अधिक कर्मचारी किसी भी समय उपस्थित न हों।

2. सुनिश्चित करें कि पांच से अधिक ग्राहक शाखा के अंदर न हों। बैठक, प्रशिक्षण, दोपहर के भोजन, और ग्राहक से बातचीत के दौरान सरकार द्वारा निर्धारित "सामाजिक दूरी" की नियमावली को सख्ती से सुनिश्चित करें।

3. सुनिश्चित करें कि कर्मचारी आमने-सामने बातचीत के दौरान मास्क पहनें, "सामाजिक दूरी" के नियमो को बनाए रखें और स्वच्छता (नियमित रूप से अपने हाथों को धोना / स्वच्छ करना, खासकर नकदी / स्टेशनरी से निपटने के बाद) का पालन करें ।

4. निश्चित अंतराल पर शाखा को उचित रूप से डिसइंफेक्ट (कीटाणु रहित) करें। सुनिश्चित करें कि कार्यस्थल साफ़ और स्वच्छ हैं, सतह (जैसे डेस्क और टेबल) और वस्तु (जैसे टेलीफोन, कीबोर्ड) को नियमित रूप से डिसइंफेक्टेंट से पोंछा जाएं।

5. सभी कर्मचारी को आरोग्य सेतु ऐप का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें।

6. अपने कर्मचारियों को सार्वजनिक परिवहन, भीड़ - भाड़ वाली जगह (बाजार, सिनेमा, धार्मिक स्थल, स्टेशन, बस-स्टैंड, सार्वजनिक स्थान) और गैर-जरूरी यात्रा से बचने के लिए प्रोत्साहित करें।

7. कर्मचारी को कंपनी की पहचान पत्र, सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र (आधार, पैन कार्ड, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस इत्यादि) और भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा जारी कंपनी के पंजीकरण प्रमाणपत्र की कॉपी साथ रखना चाहिए।

8. जिला / राज्य प्रशासन के निर्देश का पालन सुनिश्चित करने हेतु और किसी प्रकार की अनुमति लेने के लिए शाखा में एक कर्मचारी नामित करें।


9. यदि ग्राहक के लिए मोरैटोरियम के अनुरोध को मंजूरी दी गई है, तो उसे संशोधित ऋण स्केड्यूल, अवधि, लोन की किस्त, अतिरिक्त ब्याज राशि आदि के बारे में सूचित करें। मोरैटोरियम के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया लिंक पे जाएँ : https://mfinindia.org/videos

10. जहां तक संभव हो ग्राहक को डिजिटल और बैंकिंग आउटलेट्स के माध्यम से लोन की किस्त जमा करने के लिए प्रोत्साहित करें। यदि डिजिटल माध्यम संभव न हो तो केंद्र / समूह के प्रमुख से शाखाओं में या ऋण अधिकारी के पास लोन की किस्त जमा करने के लिए अनुरोध करें।


# खंड 2 - सुरक्षित कैश लेन-देन के तौर तरीके

**सारांश -** यह खंड एमएफआई शाखा प्रबंधक, एक शाखा अकाउंटेंट और एक फील्ड अधिकारी के बीच चर्चा का वर्णन करता है। वे फील्ड विजिट और बैंक ब्रांच में नकदी जमा प्रक्रिया के दौरान सुरक्षित कैश लेन-देन नियमों पर चर्चा करते हैं।

## स्थान- शाखा कार्यालय



## पात्र



# नकदी को सुरक्षित रूप से संभालना









# नकदी को सुरक्षित रूप से संभालना



## बैंक ब्रांच में जाने से पहले की सावधानियां



# बैंक ब्रांच में जाने से पहले की सावधानियां




# खंड 3 - ब्रांच में ग्राहक सुरक्षा उपाय

**सारांश -** यह खंड एमएफआई ब्रांच में एक शाखा प्रबंधक और एमएफआई ग्राहकों के बीच चर्चा का वर्णन करता है। वे एमएफआई ग्राहकों की सुरक्षा के लिए एमएफआई ब्रांच द्वारा अपनाई गई विशेष सेवाओं और ग्राहक सुरक्षा उपायों पर चर्चा करते हैं।

## स्थान- शाखा कार्यालय



## पात्र



# ब्रांच में ग्राहक सुरक्षा उपाय





नोट: स्टाफ सदस्यों को मास्क पहनना चाहिए और एक दूसरे से कम से कम 2 मीटर की न्यूनतम दूरी बनाए रखनी चाहिए।

# ब्रांच में ग्राहक सुरक्षा उपाय




कृपया बाहर प्रतीक्षा करें। प्रतीक्षा करते समय ब्रांच के बाहर भीड़ न जमा होने दें और तैयार किये गए गोलों में प्रतीक्षा करें। आपको बारी-बारी से प्रवेश करने के लिए कहा जाएगा, कृपया धैर्य रखें।

शाखा में एक दूसरे से कम से कम 2 मीटर की दूरी बनाए रखें।




कृपया श्वास शिष्टाचार का पालन करें :

- किसी के ऊपर खाँसी या छींक से बचें। हमेशा मास्क लगाकर रखें।
- खांसते / छींकते समय हमेशा अपनी नाक और मुँह ढक कर रखें।
- खांसने / छींकने के तुरंत बाद अपने हाथ धो लें।

ब्रांच में रहते हुए किसी भी प्रकार के शारीरिक स्पर्श और संपर्क से बचें।



# ब्रांच में ग्राहक सुरक्षा उपाय






# ग्राहकों के लिए विशेष सेवाएं






# आपातकालीन संपर्क के मामले में व्यक्ति



April 2020



References:
World Health Organization, WHO
Occupational Safety and Health Administration, OSHA
Ministry of Health and Family Welfare, Government of India
MicroFinance Institutions Network, MFIN, India

**अस्वीकरण**
COVID-19 पर नवीनतम दिशानिर्देशों की जानकारी के लिए, कृपया स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की वेबसाइट https://www.mohfw.gov.in/ पर जाएँ

यद्यपि हमने यह सुनिश्चित करने का हर प्रयास किया है कि इस कॉमिक में निहित जानकारी विश्वसनीय स्रोतों से ही प्राप्त की गयी हो, लेकिन फिर भी यदि इस कॉमिक में निहित या उल्लेखित जानकारी में कोई त्रुटि अथवा चूक पायी जाती है तो इसके लिए MSC और / या उसके पार्टनर / फंडर, इस जानकारी के उपयोग से प्राप्त परिणामों के लिए जिम्मेदार नहीं हैं/होंगे। इस कॉमिक में सभी जानकारी "जैसी है" प्रदान की गई है और उसकी पूर्णता, सटीकता, समयबद्धता, या इस जानकारी के उपयोग से प्राप्त परिणामों की कोई गारंटी नहीं है और इसमें निहित, उल्लेखित जानकारी का उपयोग किसी भी तरह के प्रदर्शन, व्यापारिक उपयोगिता, और किसी विशेष उद्देश्य की उपयुक्तता, (सहित लेकिन सीमित नहीं) की वारंटी नहीं लेता है।
इस कॉमिक की विषयवस्तु मात्र सामान्य जानकारी देने के लिए है, न कि कानूनी सलाह या राय देने के लिए और इस कॉमिक को किसी भी परिस्थिति या स्थिति में कानूनी, विनियामक या कर सलाह के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए और इस पर निर्भर नहीं होना चाहिए।

MetLife Foundation

MSC
MicroSave Consulting